Reg:-Govt.of india

# समाचार संध्या

झारखण्ड

SUBSCRIBE Ss samachar sandhiya

समाचार संध्या न्यूज

Email: - samacharsandhiyanews@gmail.com Samacharsandhiya.com गुरुवार 03 जुलाई 2025




## समाचार संध्या में ad लगाने के लिया संपर्क करे।

Email :- *samacharsandhiyanews@gmail.com*

*www.samacharsandhiya.com*

**Mob no:- 9955516169**

## समाचार संध्या मे ad लगाने के लिया संपर्क करे।

Email :- *samacharsandhiyanews@gmail.com*

*www.samacharsandhiya.com*

**Mob no:- 9955516169**

# सीसीएल इंटर एरिया कैरम प्रतियोगिता में सौंदा डी भुरकुंडा के शशि मोहन महतो ने रचा इतिहास, लगातार 9वीं बार बने चैम्पियन, दी गई बधाई






**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)। सीसीएल के आम्रपाली-चंद्रगुप्त एरिया में वर्ष 2025-26 की सीसीएल इंटर एरिया "शतरंज एवं कैरम" प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन सीसीएल के स्पोर्ट्स मैनेजर आदिल हुसैन, आम्रपाली क्षेत्र के महाप्रबंधक अमरेश कुमार, स्टाफ ऑफिसर अनूप भगत, आम्रपाली के पर्सनल मैनेजर आलोक रंजन एवं यूनियन प्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

प्रतियोगिता में सीसीएल के 12 क्षेत्रों के लगभग 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कैरम प्रतियोगिता में भुरकुंडा क्षेत्र के सौंदा डी निवासी सह मगध परियोजना में कार्यरत सीसीएल कर्मी शशि मोहन महतो ने एक बार फिर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लगातार 9वीं बार चैम्पियन बनकर न केवल अपने क्षेत्र बल्कि पूरे सीसीएल का मान बढ़ाया है। शशि मोहन महतो की इस शानदार सफलता पर मुख्य अतिथि रांची मुख्यालय की वेलफेयर महाप्रबंधक रेखा पांडेय और महाप्रबंधक अमरेश कुमार ने उन्हें उपहार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए कहा कि सीसीएल उत्पादन के साथ-साथ खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने का भी कार्य करता है।

शशि की इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने क्षेत्र की प्रतिभा को एक नई ऊंचाई दी है।

इस अवसर पर सौंदा डी के वरिष्ठ खिलाड़ी व शुभचिंतक सहित सौंदा डी मुखिया उपेंद्र शर्मा,

पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडे, दीपक सिंह, मो. कमरुद्दीन, तारा, राजू, चुनचुन, अजय कुमार, केदार राम, संजय कुमार, संतोष, मनीष आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# पंचतत्व में विलीन हुए मंत्री योगेंद्र प्रसाद के छोटे भाई भरत कपूर, इकलौता पुत्र ने दिया मुखाग्नि

## दामोदर नदी शमशान घाट में अंतिम दाह संस्कार हुआ सैकड़ो लोग शामिल हुए








समाचार संध्या
रिपोर्ट निरंजन महतो

रजरप्पा। झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो पेयजल एवं स्वच्छता विभाग एवं मद्य निषेध विभाग झारखंड सरकार के छोटे भाई भरत कपूर उम्र (46 वर्षीय) का गुरुवार को अंतिम दाह संस्कार दामोदर नदी के श्मशान घाट पर किया गया मृतक अपने पीछे धर्मपत्नी कंचन देवी पुत्र आदित्य कुमार पुत्री रितिका कुमारी सहित पूरा भरापूरा परिवार छोड़ गए अलविदा हो गए,गुरुवार को 8:00 बजे सुबह मृतक के पैतृक गांव चितरपुर प्रखंड के बोरोबिंग पंचायत अंतर्गत मुरुबंदा गांव से शव यात्रा निकाली गई जिसमे झारखण्ड प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए श्रद्धांजलि दी गई और मृतक के शव की अंतिम विदाई हुई। श्मशान घाट पर इकलौता पुत्र आदित्य कुमार ने अपने मृतक पिता को मुखाग्नि दिया और फक्कक कर रो पड़े। मृतक अपने पंचायत क्षेत्र में सांस्कृतिक और कला मंच से जुड़े हुए थे सामाजिक व्यक्ति थे, गांव में होने वाले विशेष धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे उनके निधन से जुआ वर्ग को काफी क्षति हुआ है जिसे क्षतिपूर्ति नहीं किया जा सकता है। समाज के विकास में अपनी बेहतरीन पहचान बनी थी। कुछ दिनों पूर्व किडनी बीमारी से ग्रसित हो गए थे पूर्व में मृतक का इलाज हुआ था और वे स्वस्थ हो गए थे परंतु अचानक तबियत बिगड़ जाने के कारण हैदराबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया और इलाज के दौरान चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया गया था। हैदराबाद अस्पताल से मृतक के शव को हवाई जहाज से रांची एयरपोर्ट लाया गया था और मुरुबंदा गांव में शव को देर शाम लाया गया। शव को देखते ही पूरा गांव में पसरा सन्नाटा और मातम छा गया पूरा गांव शोक में डूबे रहे परिजनों को रो-रो कर बहुत ही बुरा हाल है। मृतक की मां का छोटा दुलारा प्यारा पुत्र था वृद्ध मां अपने बेटा का शव घर पहुंचते देख दहाड़ मार कर रोने लगी और बार-बार बेहोश हो जा रही थी,छः माह पूर्व पिताजी का निधन हुआ था लोग सदमे से उठ नहीं पाए और छोटे भाई का दुनियां से साया उठ गया जिससे परिजन काफी मर्माहत और दुखद है। झारखंड के मंत्री योगेंद्र प्रसाद एवं मांझीला भाई चित्रगुप्त महतो अपने छोटे भाई के निधन पर गहरा आघात हुआ है,अंतिम दाह संस्कार में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों लोग हुए शामिल इस मौके पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी,रामगढ़ विधायक ममता देवी, झामुमो केंद्रीय नेता सुप्रिया भट्टाचार्य, दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा, केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो, बसंत कुमार मित्तल, चित्रगुप्त महतो,हेमलाल महतो,आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता हसन अंसारी मंगल महतो केंद्रीय सदस्य अमृतलाल मुंडा नप उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, महेश सिंह रजरप्पा थाना प्रभारी कृष्ण कुमार,भूनु महतो,अमित महतो, रंजन फौजी,लालू खान मुकेश बौदिया, राजेंद्र तिवारी राजेश महतो मंगल ओहदार,शिवनाथ महतो अशोक महतो, निर्मल महतो, तापेश्वर महतो,उमेश महतो, मनोज महतो चंद्रदेव महतो सुधीर मंगलेश खुदीराम महतो योगेश महतो,कृति करमाली शिवनाथ महतो वीरेंद्र महतो पंचित महतो,नागेश्वर चौधरी गोवर्धन महतो बैजनाथ महतो पिंटू कुमार बरतू करमाली,ओंकार चौधरी, अनिल चौधरी, अशोक बेदिया लालमोहन महतो वासुदेव महतो सहित सैकड़ो लोग अंतिम दाह संस्कार में शामिल हुए।

## रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा ने मनाया चेंज ओवर डे

# नए सत्र 2025-26 के लिए अध्यक्ष रंजीत गुप्ता, सचिव समरेंद्र साह और कोषाध्यक्ष अजय गोयल ने संभाला कार्यभार








**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)।

रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा का बहुप्रतीक्षित "चेंज ओवर डे" समारोह देर शाम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। रोटरी इंटरनेशनल की परंपरा के अनुसार 1 जुलाई से नए सत्र की शुरुआत होती है, और इसी क्रम में सत्र 2025-26 के लिए नए नेतृत्व ने कार्यभार संभाला। समारोह में सत्र 2024-25 के अध्यक्ष रोटेरियन प्रवीण शर्मा ने नव-निर्वाचित अध्यक्ष रोटेरियन रंजीत गुप्ता को पदभार सौंपा। वहीं, पूर्व सचिव रंजीत गुप्ता ने रोटेरियन समरेंद्र साह को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी। इस अवसर पर रोटेरियन अजय गोयल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। कार्यक्रम की विशेष झलक तब देखने को मिली जब क्लब के वरिष्ठ सदस्य और हाल ही में सीसीएल से सेवानिवृत्त हुए रोटेरियन चंद्रशेखर अग्रवाल को शॉल ओढ़ाकर और उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस बार रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रीक्ट 3250 (बिहार-झारखंड) द्वारा क्लब के दो सदस्यों को ज़ोन स्तर पर बड़ी जिम्मेदारियाँ दी गई हैं। रोटेरियन प्रवीण शर्मा को ज़ोनल पब्लिक इमेज चेयरमैन और रोटेरियन श्रीकांत गुप्ता को ज़ोनल सर्विस प्रोजेक्ट चेयरमैन नियुक्त किया गया है, जो क्लब के लिए गर्व की बात है। इस नए नेतृत्व के साथ रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा सत्र 2025-26 में सामाजिक सेवा के नए कीर्तिमान स्थापित करने को तत्पर दिखा। समारोह में संस्थापक अध्यक्ष परमजीत सिंह धामी, संस्थापक सचिव धनंजय अग्रवाल, संस्थापक सदस्य अशोक अग्रवाल, डॉ. एन.के. सिंह, मुख्तार सिंह, नरेंद्र सिन्हा, अशोक शर्मा, राम किशोर प्रसाद, नरेन्द्र कौर, सुषमा शर्मा, मंजू अग्रवाल, बबीता गोयल, रीना गुप्ता, मंजू शर्मा, प्रिया, चंद्रकला और अनीता सहित कई रोटेरियन उपस्थित थें।

# बीडीओ ललित राम की अध्यक्षता में आंगनवाड़ी सहायिका चयन को लेकर बैठक संपन्न हुई

## सहायिका पद चयन को निष्पक्ष रूप से किया जाएगा : मुखिया देवकी महतो





**समाचार संध्या**

रजरप्पा। बृहस्पतिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित राम के अध्यक्षता में सहायिका चयन को लेकर बैठक की गई, हजारीबाग जिला के मुखिया संघ उपाध्यक्ष सह चुरचू प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष सह बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो के निगरानी में बहेरा पंचायत अंतर्गत फुसरी आंगनबाड़ी 2 में सहायिका पद पे कार्यरत सोनमती देवी की मृत्यु होने के उपरांत इस पद के लिए बैठक कर प्रक्रिया किया गया, इस बैठक में पर्यवेक्षक की भूमिका मनीषा रानी ने निभाई, इस दौरान ग्रामीणों द्वारा खाली हुए पदों को लेकर प्रिया एक्का, उर्मिला सोरेन,सबनम मुर्मू, सरिता हेंब्रोंम, अनीता मरांडी के द्वारा आवेदन जमा किया गया, बैठक के उपरांत मुखिया देवकी महतो ने कहा कि इस पद की चयन निष्पक्ष रूप से किया जाएगा, मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित राम, मुखिया देवकी महतो, पर्यवेक्षक मनीषा रानी, साथ में आए अंसारी जी, बहेरा पंचायत के उप मुखिया शिवचंद मुर्मू, पंचायत समिति सदस्य मालती देवी , सोनाराम मांझी, आंगनबाड़ी सेविका मिलन कुमारी बेसरा राम किशोर मुर्मू, य राम मांझी, मुन्ना कुमार, महादेव बेसरा, रेखा देवी, गुलाबी किस्कु, शीला देवी, पार्वती देवी, रेणु कुमारी, सोनी देवी, सरिता हेंब्रोम, शबनम मुर्मू, सहित सैंकडो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के तहत अरगड़ा क्षेत्र में विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन



**समाचार संध्या**

**रिपोर्ट एस कुमार**

गिद्दी/सिरका। स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत सीसीएल अरगड़ा क्षेत्र में महाप्रबंधक संजय कुमार झा के नेतृत्व में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सेल्फी एवं हस्ताक्षर अभियान क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय में स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु सेल्फी एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अधिकारियों, कर्मचारियों एवं कर्मियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया, स्वच्छता का संकल्प लिया और प्रेरक संदेशों के साथ अपनी सेल्फी साझा की। समूह व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र (जीवीटीसी), गिद्दी में कार्यक्रम जीवीटीसी, गिद्दी में विशेष स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन कर प्रशिक्षण केंद्र परिसर की सफाई की गई। प्रशिक्षुओं को स्वच्छता के महत्व पर व्याख्यान के माध्यम से जागरूक किया गया। सरस्वती विद्या मंदिर, गिद्दी बस्ती एवं सिरका में विशेष अभियान सरस्वती विद्या मंदिर, गिद्दी बस्ती और सरस्वती विद्या मंदिर, सिरका में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। शिक्षकों एवं छात्रों ने भाग लेते हुए विद्यालय परिसर व आसपास के क्षेत्रों की सफाई की और स्वच्छता के महत्व को आत्मसात किया।

# भुरकुंडा खदानों में 9 जुलाई की देशव्यापी हड़ताल को ले संयुक्त मोर्चा की हुई पीट मीटिंग

## बलकुदरा और बांसगढ़ा खदानों में मजदूरों को किया गया जागरूक





**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)। संयुक्त मोर्चा द्वारा आगामी 9 जुलाई को प्रस्तावित देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने को लेकर गुरूवार को बलकुदरा एवं बांसगड़ा खदान में पीट मीटिंग का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता अशोक गुप्ता और संचालन संजय मिश्रा ने किया। पीट मीटिंग को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने केंद्र सरकार की श्रमिक विरोधी नीतियों और सार्वजनिक क्षेत्रों के निजीकरण के खिलाफ एकजुट होने की अपील की। उन्होंने कहा कि मजदूरों के अधिकारों की लगातार अनदेखी हो रही है और यह हड़ताल श्रमिक हितों की रक्षा के लिए जरूरी है। कोल कर्मियों से अपील की गई कि वे 9 जुलाई की हड़ताल में बढ़-चढ़कर भाग लें और इसे पूर्ण रूप से सफल बनाएं। सभा के दौरान खदान क्षेत्रों में श्रमिकों को हड़ताल की आवश्यकता, इसके उद्देश्य और प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि यह आंदोलन केवल कोल इंडिया या खदान कर्मियों का नहीं, बल्कि देश के हर मेहनतकश का सवाल है। मौके पर संयुक्त मोर्चा के एरिया संयोजक विंध्याचल बेदिया, रामनरेश सिंह, वासुदेव साव, दशरथ कुर्मी, डॉ. जीआर भगत, संजय वर्मा, नरेश मंडल, विकास कुमार, कोल फीड मजदूर यूनियन के सचिव पप्पू सिंह, आजाद भुइयां, सत्नारायण ठाकुर, मो. नौशाद, किशुन नायक, टुनटुन पांडेय, शैलेंद्र सिंह, अनुज कुमार, मनोज कुमार सिंह, राजेंद्र, प्रदीप राम, बुधनी देवी सहित दर्जनों मजदूर नेता मौजूद थे।

# कोल माइंस वर्कर्स यूनियन ने सयाल डी परियोजना के नौ नंबर खदान पर की पीट मीटिंग

## 9 जुलाई की हड़ताल को ऐतिहासिक बनाने की अपील की

**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)।

सयाल डी परियोजना के नौ नंबर खदान परिसर में गुरुवार को कोल माइंस वर्कर्स यूनियन द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाया गया और मजदूरों के बीच पीट मीटिंग का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता नरेश नायक और संचालन यूनियन के भुरकुंडा शाखा सचिव



राहुल सिंह ने किया। पीट मीटिंग को संबोधित करते हुए यूनियन के बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव डॉ. आशीष कुमार ने कहा कि संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा के आह्वान पर आगामी 9 जुलाई को कोल इंडिया में ऐतिहासिक हड़ताल की जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार कोयला मजदूरों की नौकरी छीनने पर आमादा है। चार श्रम संहिताओं को रद्द करने, कोयला उद्योग के निजीकरण को रोकने और कोल इंडिया को बचाने के लिए मजदूरों को एकजुट होकर हड़ताल को सफल बनाना होगा। डॉ. कुमार ने चेतावनी दी कि जो सरकार कोयला मजदूरों से टकराई है, वह ज्यादा दिनों तक नहीं टिक सकी है। यदि मजदूरों का आक्रोश फूटा, तो मोदी सरकार को भी पीछे हटना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन (एआईसीसीटीयू) इस हड़ताल का पूरा समर्थन कर रही है। सभा में शिवप्रसाद, अशोक चौधरी, सोमरा मुंडा, नकुल प्रसाद, राजेश पासवान, श्याम महतो सहित बड़ी संख्या में मजदूर उपस्थित थे।

### रोटरी ने रांची एयरपोर्ट को दी दो ऑटोमेटेड डिफाइब्रिलेटर मशीन

# हृदय गति रुकने से पीड़ित लोगों की बचाई जा सकेगी जान, जल्द ही रांची रेलवे स्टेशन को भी दी जाएगी यह मशीन

**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)। कार्डियेक अरेस्ट के बढ़ते मामलों को देखते हुए रोटरी क्लब ऑफ रांची ने इस दिशा में विशेष पहल की है। रोटरी क्लब ने रांची एयरपोर्ट को पर दो पोर्टेबल मशीनें ऑटोमैटेड डिफिब्रिलेटर उपलब्ध कराई है, जो कार्डियक अरेस्ट के समय व्यक्ति को लाइफ सपोर्ट देगी। एक मशीन ग्राउंड फ्लोर और दूसरी फर्स्ट फ्लोर पर रहेगी। दोनों ट्रॉली में इंस्टाल है, ताकि तुरंत उसे कहीं भी पहुंचाया जा सके। साथ ही एयरपोर्ट को अत्याधुनिक ईसीजी मशीन भी दी गई। इस अवसर पर एयरपोर्ट डायरेक्टर राघवेंद्र मौर्या ने कहा किसी भी आकस्मिक आवश्यकता में ये मशीन कारगार होगी। मुझे खुशी है कि रोटरी ने ये पहल की है। इससे कई बेशकीमती जान बचेगी। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बिपिन चाचन ने कहा भविष्य में भी हम पैसेंजर की सुविधा के लिए एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन जी भीड़ भाड़ वाले इलाके में इस प्रकार के कार्य करते रहेंगे। प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ




विनय ढानढनिया ने कहा कार्डियक अटैक आने पर इस मशीन के माध्यम से तुरन्त इंसान में रिदम स्टार्ट कर सकते हैं। कार्डियक अरेस्ट तब होता है जब अचानक दिल की धड़कनें रुक जाती हैं। ऐसे में हमारा दिल शरीर को खून पंप करना बंद कर देता है। इस कारण कुछ ही मिनटों में व्यक्ति बेहोश होकर सांस लेना बंद कर सकता है। इस कंडीशन में मरीज को तुरंत सीपीआर या डिफिब्रिलेटर से झटका न दिया जाए, तो उसकी मौत हो सकती है। क्लब के अध्यक्ष गौरव बागरॉय ने कहा कि इस मशीन से किसी आकस्मिकता के वक्त मरीज की स्थिति को तुरंत समझकर उसे इलाज मुहैया कराया जा सकेगा। क्लब की सोच जनसेवा को लगातार आगे बढ़ाने की है। एयरपोर्ट के डॉक्टर डॉ शोभा एवं डॉ आशीष मिश्रा




ने कहा कि कार्डियक अरेस्ट मौत का सबसे बड़ा कारण बनकर उभर रहा है। ज्यादातर लोगों की जान सिर्फ इसलिए चली जाती है कि उन्हें समय पर सीपीआर नहीं मिल पाता है। ऐसी परिस्थिति में यह मशीन लोगों की जान बचाएगी। क्लब के प्रवक्ता प्रवीण राजगढ़िया ने बताया कि बहुत जल्द इस प्रकार की मशीन रांची रेलवे स्टेशन पर भी लगाई जाएगी। इस अवसर पर जीएम धनंजय तिवारी, जॉइंट जीएम अनिल कुमार कश्यप, डीजीएम एटीएम मनोज कुमार, ओएसडी अविनाश शुक्ला,

मैनेजर सुहावन लकड़ा, असिस्टेन्ट मैनेजर राकेश यादव, स्टेशन मैनेजर कृष्णा यादव, प्रवीण राजगढ़िया, डिम्पी चड्डा, शाहिद पॉल, पवन जयसवाल उपस्थित थे।

**क्या है कार्डियक अरेस्ट**

सरल शब्दों में कहें तो कार्डियक अरेस्ट तब होता है, जब हृदय का इलेक्ट्रिक सिस्टम फेल हो जाता है। हृदय अचानक धड़कना बंद कर देता है। इससे शरीर में रक्त और ऑक्सीजन का प्रवाह रुक जाता है। व्यक्ति कुछ ही मिनटों में बेहोश हो जाता है। उसकी मौत हो सकती है। ऐसे व्यक्ति को सीपीआर देने में हर एक मिनट की देरी से मौत का खतरा 10 फीसदी बढ़ जाता है। जबकि अगर उसे पांच मिनट के अंदर सीपीआर मिल जाए, तो उसके बचने की संभावना काफी बढ़ जाती है। इस स्थिति में अगर एईडी (ऑटोमेटेड डिफाइब्रिलेटर) मशीन मौजूद है, तो उसका तुरंत इस्तेमाल करना चाहिए।

Reg no:- Government of India
समाचार संध्या झारखण्ड
SUBSCRIBE Ss samachar sandhiya
Email: - samacharsandhiyanews@gmail.com Samacharsandhiya.com समाचार संध्या न्यूज

# भुरकुंडा में श्रावणी मेला आयोजन को लेकर संयुक्त मोर्चा की रणनीतिक बैठक संपन्न

## भुरकुंडा पीओ को सौंपे गए मांग पत्र पर की चर्चा

**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)।



संयुक्त मोर्चा की बैठक गुरुवार को भुरकुंडा के रेलवे लाइन स्थित मोर्चा कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता देवरिया बस्ती के पूर्व मुखिया राजेंद्र मुंडा और संचालन कुरसे पंचायत के पूर्व मुखिया रामदास बेदिया ने किया। बैठक में भुरकुंडा कोलियरी अंतर्गत आने वाले चारों राजस्व ग्राम देवरिया, कुरसे, बलकुदरा और दुँदुवा — के विस्थापित रैयत प्रतिनिधियों ने भाग लिया। भुरकुंडा थाना मैदान में लगने वाले श्रावणी मेला और आयोजन से जुड़े पीओ को सौंपे गए मांग पत्र पर चर्चा की गई। बैठक में सभी वक्ताओं ने एकमत होकर कहा कि श्रावणी मेला का संचालन केवल चारों राजस्व ग्राम के विस्थापित रैयतों द्वारा ही किया जाएगा। इसके सफल आयोजन के लिए एक प्रतिनिधिमंडल अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़, अंचल अधिकारी पतरातू, महाप्रबंधक बरका-सयाल क्षेत्र, परियोजना पदाधिकारी भुरकुंडा तथा थाना प्रभारी से मिलकर अपनी मांगों को रखेगा। मोर्चा के प्रतिनिधियों ने यह भी चेतावनी दी कि यदि मांगों पर उचित पहल नहीं की गई, तो विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व पार्षद झरी मुंडा, राणा प्रताप सिंह, अजय साहू, कैलाश प्रसाद, जयवीर मुंडा, राजाराम प्रसाद, फुलेश्वर राम, संतोष मांझी, रोहित मुंडा, विजय मुंडा, अमित साहू, राकेश मुंडा, नरेंद्र बेदिया, राज कपूर सिंह, सुरेंद्र तुरी, बिहारी मांझी, संजय यादव, जसराज महतो, सुनील बेदिया, राजेश महतो, संजय मांझी, अभिजीत सोरेन, छोटू बेदिया सहित कई लोग उपस्थित थे।

# बीडीओ ललित राम,मुखिया देवकी एवं सीसीएल प्रबंधन द्वारा भूमि निरीक्षण की गई

## ग्राम फूसरी के विस्थापितों का दूसरी स्थान में संरक्षण हेतू भूमि निरीक्षण किया

**समाचार संध्या**





रजरप्पा। बृहस्पतिवार को चु्रचू प्रखंड के बीडीओ ललित राम बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो एवं सीसीएल के पदाधिकारी के द्वारा बहेरा पंचायत अंतर्गत ग्राम फुसरी में विस्थापितों आंगनबाड़ी केंद्र और विद्यालय की जमीन को सीसीएल द्वारा अधिग्रहित करने के कारण, विस्थापित परिवार आंगनबाड़ी केंद्र और विद्यालय को नई स्थलों का भूमि चयन और विस्थापितों को संरक्षण देने भूमि निरीक्षण किया गया, इस दौरान बहेरा मुखिया देवकी महतो ने कहा कि सभी विस्थापित परिवारों को उनके शिक्षा से जुड़ी शैक्षणिक संस्थाओं को ध्यान में रखते हुए इस कार्य को किया जाएगा, ताकि भविष्य में किसी भी विस्थापित परिवार को समस्या की सामना नही करना पड़े, मौके पर मुखिया देवकी महतो, सीसीएल प्रबंधन के पदाधिकारी , मुन्ना कुमार सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।